रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-56/2019/1373/22-2-2019-17(200)/2012

लखनऊ: दिनांक: 04 जून, 2019

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए **केन्द्रीय कारागार, बरेली** में निरूद्ध सिद्धदोष **बन्दी श्रीराम (बन्दी संख्या-38247) पुत्र श्री कालीचरन, जो-निवासी- मढिया**, मजरा-सरौरा कला थाना-कमलापुर, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है, जिन्हें **सत्र परीक्षण संख्या-258/1980** के अन्तर्गत भारतीय दण्ड विधान की **धारा-302/34** के अधीन **दिनांक 04/08.09.1981** को मा0 तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीतापुर द्वारा आजीवन कारावास के **दण्ड से दण्डित** किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 10.04.2003 द्वारा यथावत रखा गया, उक्त बंदी द्वारा 15 वर्ष 01 माह 14 दिन अपरिहार सजा, 20 वर्ष 01 माह 28 दिन अपरिहार सजा काटी गयी है एवं 65 वर्ष 02 माह से अधिक आयु तथा संतोषजनक जेल आचरण, मेडिकल बोर्ड/जिला स्तरीय समिति/दयायाचिका समिति द्वारा समयपूर्व मुक्ति की गयी संस्तुति के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये **जिला मजिस्ट्रेट**, **सीतापुर** के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या-56/2019/1373(1)/22-2-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।
2- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर ।
3- पुलिस अधीक्षक सीतापुर।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in